मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -273/2024
28 सितम्बर 2024
शौर्य सभागार, जैप-1, डोरंडा, रांची
===========================
शौर्य सभागार, जैप-1, डोरंडा, रांची में आयोजित नवचयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन।
===========================
मुख्यमंत्री ने औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया।
===========================

★ सक्षम कार्यबल के लिए राज्य सरकार का सार्थक प्रयास जारी

★ नौजवानों को रोजगार के क्षेत्र में मिल रही नई दिशा

★ तकनीकी युग में दक्ष और हुनरमंद होना जरूरी

-- श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विगत दिनों ही इस शौर्य सभागार में राज्य सरकार द्वारा 527 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। कोई शिक्षक बने, कोई इंजीनियर बने, कोई टेक्नीशियन

बने। अलग-अलग विधाओं में युवाओं को नौकरी प्राप्त हुई। आज फिर से इस सभागार में करीब 444 नौजवानों को अपनी जिंदगी के नए सफर में प्रवेश के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज आपके लिए, आपके परिजनों के लिए खुशी का दिन है। मैं आपके साथ-साथ आपके परिजनों का भी अभिनंदन करता हूं। आप सभी लगातार आगे बढ़ें, इसके लिए आप सभी को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज शौर्य सभागार, जैप-1, डोरंडा, रांची में आयोजित नवचयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

तकनीकी युग में दक्ष और हुनरमंद होना जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है। अब हर व्यक्ति को दक्ष और हुनरमंद होना अतिआवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वक्त की गति बढ़ गई है, वर्तमान समय में मनुष्य जीवन की रफ्तार की गति भी बढ़ी है। अब सभी को कम समय में लंबी दूरी तय करनी होती है। अब सबके पास समय की कमी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग अब ऐसे परिवेश में जा रहे हैं, जहां आप अपने सूझबूझ और हुनर की बदौलत अपनी रफ्तार भी बढ़ाएंगे। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप अपने जीवन को कितना रफ्तार दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कई चुनौतियां रही है। लेकिन हमारी सरकार ने कभी हार नही माना। राज्य सरकार न रुकी न थकी, क्योंकि आम लोगों का समर्थन और प्यार हमारी सरकार को हमेशा प्राप्त होता रहा है।

नौजवानों को रोजगार के क्षेत्र में मिल रही नई दिशा

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज राज्य के आईटीआई में शिक्षारत छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। राज्य बनने के बाद मुझे लगता है कि यह पहला या दूसरा मौका है जब आईटीआई के छात्रों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रोजगार के रास्ते पर नौजवानों को नई दिशा देने का अथक प्रयास कर रही है। हमारी सरकार की हमेशा यही कोशिश रही है कि सभी के लिए कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यह नहीं कह सकते हैं कि हमने शत प्रतिशत हर कार्य को पूरा किया है, लेकिन राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए गए हैं।

प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित सभी कड़ियों को जोड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण में दो वर्ष तक जीवन और जीविका बचाने के बाद इतने कम समय में चाहे वह जेपीएससी, जेएसएससी हो या अलग-अलग विभागों के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण हो सभी कार्य लगातार हुए हैं। परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया या फिर एग्जाम की तिथि की प्रक्रियाएं, ये सब कार्य तेजी से चल रही हैं। यह सब करने के लिए जो भी आवश्यक विषय थे उन सभी

कड़ियों को हमारी सरकार ने जोड़ा है। नियुक्ति नियमावली की विसंगतियों को दूर कर नई नियुक्ति नियमावली बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपीएससी की नियुक्ति नियमावली पहली बार बनाई गई और हमने रिकॉर्ड दिनों में परीक्षा संचालित कर नियुक्तियां भी दी। आज वे नौजवान विभिन्न विभागों में राज्य की सेवा कर रहे हैं।

राज्य के युवा अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉलिटेक्निक केंद्रों में कैंपस सलेक्शन का अवसर भी प्रदान किया जाता है, उसके तहत अभी इसी वर्ष में लगभग 3 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों जैसे टाटा मोटर्स, हिताची, होंडा, मारुति सुजुकी इत्यादि में रोजगार राज्य सरकार के प्रयास से उपलब्ध कराया गया है। रोजगार प्राप्त छात्र-छात्राएं बड़ी तेजी से अपने हुनर क बेहतर प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग कंपनियों में लगातार आगे बढ़ रहें हैं। यह जानकर हमेशा मुझे प्रसन्नता होती है।

इस अवसर पर मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, निदेशक, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण श्री संजीव कुमार बेसरा, अपर सचिव श्रम नियोजन विभाग श्री सुनील कुमार सिंह, उपयुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

###

==========================

TeamPRD(CMO)